Title: Demanded to restart the closed Jalpa Cement Factory in Palamu district of Bihar.

श्री ब्रजमोहन राम (पलामू) : मान्यवर उपाध्यक्ष जी, मैं सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण विाय की ओर दिलाना चाहता हूं। बिहार के पलामू जिले के जपला सीमेंट फैक्टरी आज लगभग 10 वार्ों से बन्द पड़ी है। आज वहां प्रत्यक्ष रूप से और अप्रत्यक्ष रूप से 30 हजार लोग बेघर हो गये हैं और बेरोजगार बैठे हुए हैं। उनके बच्चों की पढ़ाई और बच्चियों की शादी सब रुकी हुई है। हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि इसमें अविलम्ब निर्णय लेकर उस सीमेंट फैक्टरी को खुलवाया जाये, क्योंकि उस ओर कोई दूसरी सीमेंट फैक्टरी नहीं है। यह तो सारे लोग जानते हैं कि पलामू जिला और गढ़वा जिला विशो रूप से उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र है और उसमें बेरोजगारी में बेतहाशा रूप से वृद्धि हो रही है। हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि करोड़ों रुपये की जो सम्पत्ति नट हो रही है, बर्बाद हो रही है, उस सीमेंट फैक्टरी को अविलम्ब चालू करवाया जाये, जिससे वहां के लोगों को बचाया जा सके, वहां के लोगों को राहत मिल सके।